# पूरे देश में चिटफंड का जाल बिछा रखने वाले एनआईसीएल कम्पनी के 6 डायरेक्टर गिरफ्तार

- आरोपियों ने छ.ग., ओड़िशा, एमपी, राजस्थान, हरियाणा के निवेशकों से की है करीब 400 करोड़ की ठगी
- रायगढ़ के 17 निवेशक ने दर्ज कराए हैं 1.74 करोड़ लेकर भाग जाने की रिपोर्ट
- गिरफ्तार डायरेक्टर्स पर 6 राज्यों में 55 मामले हैं दर्ज



**रायगढ़।** चिटफंड के गोरखधंधे में अपनी गाढी कमाये डूबो चुके निवेशकों के रूपये वापस दिलाये जाने को लेकर प्रदेश शासन के मंशानुरूप द्वारा पुलिस अधीक्षक रायगढ़ अभिषेक मीणा लंबित चिटफंड मामलों को लेकर काफी गंभीर है, वे लंबित प्रकरणों की समीक्षा कर फरार आरोपियों की शीघ्र पतासाजी, गिरफ्तारी के निर्देश एडिशनल एसपी लखन पटले एवं सीएसपी योगेश कुमार पटेल को अपने सुपरविजन पर कराने दिया गया है। निर्देशों के पालन में कोतवाली पुलिस द्वारा लगातार चिटफंड कम्पनियों के डायरेक्टर्स की गिरफ्तारी कर न्यायालय पेश किये जा रहे हैं।

इसी क्रम में कोतवाली थाने में दर्ज अप.क्र. 591/2019 धारा 420, 34 IPC 6, 10 छ.ग. के निक्षेपकों के हितो का संरक्षण अधिनियम में आरोपित कम्पनी निर्मल इन्फ्राहोम कारपोरेशन लिमिटेड (NICL) के डायरेक्टर्स के सीबीआई जेल भुवनेश्वर (ओड़िशा) में निरूध होने की जानकारी पर पुलिस टीम आरोपियों की गिरफ्तारी के लिये भुवनेश्वर रवाना हुई। आरोपियों की गिरफ्तारी में आ रही कानूनी अड़चनों पर थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक मनीष नागर द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन पर सीजेएम कोर्ट रायगढ़ से आरोपियों का प्रोडक्शन वारंट जारी कराया गया और पुलिस टीम के साथ आरोपी NICL कम्पनी के 6 डायरेक्टर आशीष चौहान, हरीश शर्मा, अभिषेक चौहान, प्रबल प्रताप सिंह, लखन सोनी, निरंजन सक्सेना को रायगढ़ लाया। चिटफंड कम्पनी NICL पर रायगढ़ के ग्राम रायकेरा घरघोड़ा की रहने वाली धनमोती सिदार सहित 17 व्यक्तियों द्वारा दिनांक 06.08.2019 को आवेदन देकर रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि आरोपियों द्वारा इन्हें बैंक में कम ब्याज मिलता है, इनकी कम्पनी में निवेश करने पर 6 साल में रकम दुगना होगा कहकर झांसा देकर रूपये निवेश कराये थे। कम्पनी रायगढ़ के 17 व्यक्तियों के करीब 1,74,78,200 रूपये लगभग निवेश कराकर कम्पनी की शाखाएं बंद कर फरार थी।

आरोपियों ने कोतवाली पुलिस को दिये अपने मेमोरेंडम पर बताये कि सभी निर्मल इंफ्राहोम कार्पोरेशन लिमिटेड (एनआईसीएल) इंडिया लिमिटेड के डायेक्टर और शेयर होल्डर हैं। उक्त कंपनी में 8 डायरेक्ट/शेयर होल्डर थे जिनमें एक डायरेक्ट/शेयर होल्डर निर्मला देवा चौहान की मृत्यु 2015 में हुई है तथा कम्पनी का एक डायरेक्ट/शेयर होल्डर फूल सिंह चैधरी भुवनेश्वर जेल से पैरोल पर रिहा होने के बाद से फरार हो गया है। आरोपियों ने बताया कि इनका ऑफिस छ.ग. सहित कई राजरों के शहरों में था तथा रायगढ़ में गौरीशंकर मंदिर के पास आफिस था यहां पर कई लोगों को कंपनी के लुभावने स्कीम एवं ज्यादा ब्याज दर तथा ज्यादा रकम वापसी का लालच देकर निवेशकों से राशि जमा कराया गया। आरोपियों द्वारा करीब 400 करोड़ रूपये निवेशकों से निवेश कराना बताया गया है, इन समस्त राशि का उपयोग इन्होंने जमीन खरीदने एवं रीयल स्टेट व्यवसाय में लगा दिये। कम्पनी द्वारा खरीदी किये गये भूमि एवं अन्य प्रापर्टी के समस्त दस्तावेज एवं उपकरण सीबीआई भुवनेश्वर उड़ीसा द्वारा जप्त किया गया है। कोतवाली पुलिस द्वारा कम्पनी द्वारा क्रय किये गये प्रापर्टी की जानकारी प्रशासन को उपलब्ध कराया जावेगा जिससे शासन स्तर पर निवेशकों के रूपये लौटाये जाने की कार्यवाही में शुमार किया जावेगा।

आरोपियों की गिरफ्तारी में रवाना हुये टीम में थाना प्रभारी निरीक्षक मनीष नागर के हमराह एसआई नंदलाल पैंकरा, एएसआई उदयभान सिंह, प्रधान आरक्षक श्याम देव साहू, आरक्षक मनोज पटनायक, लखेश्वर पुरसेठ, महेन्द्र कर्ष, राकेश नायक शामिल थे।

## महत्वपूर्ण एवं खास



### बारहवीं बोर्ड के भूगोल परीक्षा संपन्न : 5879 परीक्षार्थियों में 270 परीक्षार्थी रहे अनुपस्थित

**रायगढ़।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर द्वारा कक्षा 12 वीं बोर्ड परीक्षा के तहत 16 मार्च को भूगोल विषय की परीक्षा संपन्न हुई। जिले में 5 हजार 879 परीक्षार्थी संख्या दर्ज की गई थी। जिसमें से 5 हजार 609 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दिलाई। 270 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। जिले में कहीं भी नकल प्रकरण दर्ज नहीं किया गया है। परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न हुआ।

### रायगढ़ लाईवलीहुड कॉलेज में नि:शुल्क प्रशिक्षण प्रारंभ

**रायगढ़।** मुख्यमंत्री कौशल विकास योजनान्तर्गत रायगढ़ जिले के लाईवलीहुड कॉलेज, केआईटी कॉलेज के पास उड़ीसा रोड, गढ़उमरिया रायगढ़ में संचालित प्रशिक्षण में डोमेस्टिक डाटा एंट्री ऑपरेटर एवं ऑफिस असिस्टेंट कोर्स में नि:शुल्क गैर आवासीय प्रशिक्षण हेतु प्रवेश प्रारंभ हो चुके हैं। प्रशिक्षण हेतु न्यूनतम 10 वीं व 12 वीं कक्षा एवं आयु 18 वर्ष या अधिक होनी चाहिए। प्रशिक्षण पूर्णत: नि:शुल्क होगी। जिसके उपरांत प्रशिणार्थियों को रोजगार सुनिश्चित कराया जायेगा। इच्छुक युवक-युवतियां लाईवलीहुड कॉलेज, केआईटी कॉलेज के पास उड़ीसा रोड, गढ़उमरिया रायगढ़ में समस्त दस्तावेजों के साथ पंजीयन करवा सकते हैं। अधिक जानकारी हेतु लाईवलीहुड कॉलेज, केआईटी कॉलेज के पास उड़ीसा रोड, गढ़उमरिया रायगढ़ मोबा.नं 9752658995 एवं 9343985640 से संपर्क कर सकते है।

### नेशनल वोटर अवेयर्नेस कांटेस्ट के लिए प्रविष्टि भेजने की अंतिम तिथि अब 31 मार्च तक

**रायगढ़।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा संचालित नेशनल वोटर अवेयर्नेस कांटेस्ट-माई वोट इज माई फ्यूचर पॉवर ऑफ वन वोटर में अपनी प्रविष्टि प्रेषित करने हेतु अंतिम तिथि 15 मार्च 2022 निर्धारित की गई थी। उक्त तिथि में वृद्धि करते हुए अब 31 मार्च 2022 तक प्रविष्टि प्रेषित कर सकते है।

### जवाहर उत्कर्ष योजना: कक्षा 6 वीं में प्रवेश के लिए लिखित चयन परीक्षा 27 मार्च को

**रायगढ़।** जवाहर उत्कर्ष योजनान्तर्गत वर्ष 2022-23 में कक्षा 6 वीं का लिखित चयन प्रवेश परीक्षा 27 मार्च 2022 को दोपहर 12 से 2 बजे तक आयोजित की जाएगी। परीक्षा के लिए लोकमान्य तिलक उ.मा.वि.चक्रधरनगर, रायगढ़ को परीक्षा केन्द्र बनाया गया है। जिसमें संस्था के प्राचार्य केन्द्राध्यक्ष होंगे। सभी विद्यार्थी केन्द्र में उपस्थित होकर लिखित परीक्षा में शामिल होंगे।

### तीन लोगों की प्राकृतिक आपदा के तहत असामायिक मृत्यु, वारिसानों को सहायता राशि स्वीकृत

**रायगढ़।** अनुविभाग सारंगढ़ एवं घरघोड़ा अंतर्गत तीन लोगों की प्राकृतिक आपदा के तहत असामायिक मृत्यु होने पर कलेक्टर रायगढ़ के अनुमोदन पर संबंधित अनुविभाग के एसडीएम द्वारा राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के संशोधित प्रावधान के तहत मृतक के नजदीकी वारिसानों को 4-4 लाख रुपये की वित्तीय सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गयी है। कलेक्टर कार्यालय, रायगढ़ से प्राप्त जानकारी के अनुसार तहसील तमनार के ग्राम बरकछार निवासी एलियस मिंज की 1 अक्टूबर 2021 को कुआं के पानी में डूबने से मृत्यु होने पर उनकी पत्नी बेलकुमारी मिंज को 4 लाख रुपये, ग्राम-कुंजेमुरा के गोविन्दराम की 18 नवम्बर 2021 को कुआं के पानी में डूबने से मृत्यु होने पर उनकी पत्नी रामायणमती को 4 लाख रुपये तथा तहसील सारंगढ़ के ग्राम कोसीर निवासी कु.सुमन की 30 जुलाई 2021 को सर्पदंश से मृत्यु होने पर उनके पिता रवि विश्वकर्मा को 4 लाख रुपये की वित्तीय सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गयी है।

### संचालक सैनिक कल्याण छ.ग.ब्रिगेडियर शर्मा ने की कलेक्टर भीम सिंह से मुलाकात

**रायगढ़।** संचालक, संचालनालय सैनिक कल्याण छत्तीसगढ़ वी.एस.एम.(सेनि), रायपुर ब्रिगेडियर विवेक शर्मा आज रायगढ़ प्रवास पहुंचे। इस दौरान उन्होंने कलेक्टर भीम सिंह से मुलाकात की और सैनिक विश्राम गृह निर्माण के संबंध में चर्चा की। ब्रिगेडियर शर्मा ने जिला सैनिक कल्याण कार्यालय का निरीक्षण किया और वहां उन्होंने भूतपूर्व सैनिकों को मिलने वाली विभिन्न अनुदान, योजनाओं एवं सुविधाओं के बारे में जानकारी ली।

## रायगढ़ के आटो चालक शाबाशी के हकदार, लगातार सुधार देखकर यातायात पुलिस ने किया सम्मानित



रायगढ़। पुलिस अधीक्षक रायगढ़ अभिषेक मीणा के दिशा निर्देशन एवं एडिशनल एसपी (ट्रैफिक) माहेश्वर नाग के मार्गदर्शन पर यातायात पुलिस द्वारा शहर में लगातार ऑटो चालकों को यूनीफार्म पहनकर वाहन चलाने एवं ऑटो पर चालक के नाम, मोबाईल नम्बर लिखकर वाहन चलाने, शराब पीकर वाहन न चलाने जैसे कई यातायात के बेसिक नियमों का पालन करने की हिदायत दिया गया, लगातार समझाइश पर धीरे-धीरे ऑटो चालकों में नियमों के प्रति जागरूकता आयी और वर्तमान में रायगढ़ शहर के 90 फीसदी ऑटो चालक अपने वाहन में आगे, पीछे नाम और मोबाइल नम्बर लिखाये गये तथा वर्दी पहनकर ऑटो चलाते नज़र आ रहे हैं जिसे देखकर यातायात पुलिस ने उनके हौसला अफजाई के लिए आज शहर के विभिन्न चौंक-चौराहो पर उन्हें गुलाब का फूल और चाकलेट देकर सम्मानित किया गया। कुछ पल ऐसे भी थे जब पुलिस से फूल और चाकलेट लेकर ऑटो चालकों की आंखें नम हो गई। यातायात पुलिस उनका पीठ थप-थपाकर आगे भी नियमों का पालन करने की समझाइश दी गई है।

## सभी डॉक्टर एवं स्वास्थ्य कर्मचारी अपने शिफ्ट में अस्पतालों में अनिवार्य रूप से रहे उपस्थित-कलेक्टर भीम सिंह

- कलेक्टर सिंह ने ली स्वास्थ्य विभाग की बैठक

**रायगढ़।** कलेक्टर भीम सिंह ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक ली। कलेक्टर सिंह ने कहा कि सभी प्राथमिक एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों के बेहतर संचालन के लिए नियमित औचक निरीक्षण किया जाए। इसके साथ ही पदस्थ अधिकारी एवं कर्मचारियों मुख्यालय में रहे तथा अपने शिफ्ट में नियमित उपस्थित रहे। कलेक्टर सिंह ने कहा कि सभी सीएचसी एवं पीएचसी केन्द्रों में मांग अनुरूप कार्य एवं उपकरण उपलब्ध कराया जा चुका है। जिसका नियमित संचालन सुनिश्चित किया जाए। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ डॉ.रवि मित्तल उपस्थित रहे।



कलेक्टर सिंह ने जिले के विभिन्न विकासखंडों के पीएचसी एवं सीएचसी सेंटरों में संचालित योजना एवं निर्माण कार्यो की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने पीएचसी एवं सीएचसी में विभिन्न मदों से किए जा रहे निर्माण एवं मरम्मत कार्यो की अद्यतन प्रगति की जानकारी ली। कलेक्टर सिंह ने कहा कि विभिन्न मदों से किए जा रहे निर्माणाधीन कार्यो को तेजी से पूर्ण किया जाए। जिसमें ब्लड बैंक, हमर लैब, ऑपरेशन थियेटर जैसे कार्यो को प्राथमिकता से पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सीएचसी में लोगों के लिए बेहतर व्यवस्था होनी चाहिए। इस दौरान उन्होंने जिले में स्वास्थ्य कर्मियों की संख्या एवं कमी की स्थिति की भी जानकारी ली। जिस पर सीएमएचओ डॉ.एस.एन केशरी ने बताया कि 44 एएनएम को प्रमोट करने के पश्चात कुछ स्थानों में एएनएम कमी के अलावा एमपीडब्लू के पद रिक्त है। जिस पर कलेक्टर सिंह ने शासन से मांग करने की बात कही।

इस दौरान कलेक्टर सिंह ने गर्भवती महिलाओं के जांच के निर्देश दिए। उन्होंने गर्भवती महिलाओं एवं एनिमिक महिलाओं को सुपोषण अभियान के अंतर्गत लाभ प्रदान करने के निर्देश दिए। गर्भवती महिलाओं को विशेष तौर सुपोषण अभियान शामिल करने तथा उनके लिए आवश्यक दवाईयों को उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिया। जिससे एनीमिक होने से महिलाओं को बचाया जा सके, क्योंकि इसका सीधा असर होने वाले बच्चों पर पड़ता है।

कलेक्टर सिंह ने मुख्यमंत्री हाट बाजार क्लीनिक योजना की अद्यतन प्रगति की जानकारी ली। जिस पर सीएमएचओ डॉ.एस.एन.केशरी ने बताया कि 4 एमएमयू एवं 15 नए बोलेरो के साथ वर्तमान में 18 बोलेरो के माध्यम से हाट-बाजार क्लीनिक संचालित किया जाएगा। उन्होने कहा कि हाट बाजार में किए जा रहे विभिन्न जांच एवं लाभान्वितों की संख्या की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि हाट-बाजार क्लीनिक के माध्यम से अधिक से अधिक लोगों को लाभान्वित किया जाए। मलेरिया, एडस, टीबी, रक्तअल्पता, शुगर, रक्तचाप एवं शिशुओं का टीकाकरण जैसे जांच कार्य में वृद्धि की जाए। कलेक्टर सिंह ने खूबचंद बघेल स्वास्थ्य योजना की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि योजनांतर्गत हितग्राहियों को लाभ मिलना चाहिए।

## ऑनलाइन ठगी के हब "जामताड़ा" से गिरफ्तार हुआ आरोपी राजेन्द्र मंडल

- 8वीं पास राजेन्द्र मंडल के झांसे में आए रायगढ़, कोरबा, रायपुर, दुर्ग, भोपाल के रहवासी, गंवाये लाखों रूपये
- एनटीपीसी लारा के कर्मचारी से हुई थी ₹4.18 लाख की ठगी

**रायगढ़।** पूरे भारत में ऑनलाइन ठगी करने के लिये चर्चित जामताड़ा से #पुसौर पुलिस ऑनलाइन धोखाधड़ी मामले के आरोपी राजेन्द्र मंडल का रायगढ़ न्यायालय से प्रोडक्शन वारंट जारी कराकर रायगढ़ लाया गया है। #पुसौर पुलिस आरोपी पुलिस रिमांड लेकर पूछताछ किया जा रहा है जिससे कई महत्वपूर्ण तथ्य निकाल आ रहे हैं।

आज दिनांक 16.03.2022 को पुलिस अधीक्षक रायगढ़ अभिषेक मीणा द्वारा प्रेस कांफ्रेस में कोतवाली एवं पुसौर के मामलों का खुलासा कर आरोपियों की गिरफ्तार एवं आरोपी द्वारा किये गये अन्य अपराधों की जानकारी साझा किया गया।

पुलिस अधीक्षक मीणा बताये कि थाना पुसौर के अप.क्र. 68/2022 धारा 420 IPC मामले के प्रार्थी पोषण लाल बघेल (उम्र 55 वर्ष) जो NTPC LARA का कर्मचारी है जिसके मोबाइल पर अज्ञात कॉलर द्वारा दिनांक 31/01/2022 को बीएसएनएल ऑफिस से बोल रहा हूँ कहकर केवाईसी अपडेट के नाम पर केवाईसी सपोर्ट नामक एप्लीकेशन डाउनलोड कर 10 रूपये का SBINET BANKING के द्वारा ट्रांजेक्शन करवाया जिसके बाद पोषण लाल बघेल के खाते से कई बार ऑनलाइन ट्रांजेक्शन से 4,18,000 रूपये आरोपी द्वारा आहरण कर लिया गया था।

गत दिनों धरमजयगढ़, कापू और पुसौर मामलों में हुये ऑनलाइन धोखाधड़ी के आरोपियों के तार जामताड़ा गिरोह से जुड़े होने की जानकारी पर सीएसपी योगेश पटेल के नेतृत्व में टीम झारखंड़ रवाना किये गया था। पुलिस टीम द्वारा देवधर और जामताड़ा जिले में सक्रिय 3 गिरोह के 6 आरोपियों को हिरासत में लिया गया। पुलिस को थाना कापू एवं धरमजयगढ़ मामले के 03 आरोपियों का रिमांड स्थानीय न्यायालय से प्राप्त हुआ जिन्हें गिरफ्तार कर रायगढ़ लाया गया, आरोपियों से नकदी 46,500 रूपये तथा 7 मोबाइलों की जप्ती की गई थी।

गिरफ्तार राजेन्द्र मंडल पिता गुलु मंडल उम्र 22 वर्ष रामपुर माधोपुर थाना फरमाण्ड जिला जामताड़ा (झारखंड) बताया कि कक्षा आठवी तक पढा है, अपने साथियों के साथ वर्ष 2017 से ऑनलाइन ठगी कर रहा है। फर्जी सिम का उपयोग कर ठगी करते हैं, पूर्व में भी जेल जा चुका हूं, सायबर थाना जामताड़ा के मामले में गिरफ्तार होकर निरूध था। आरोपी बताया कि लोगों को मैसेज भेजकर या कस्टमर केयर बनकर KYC अपलोड करने Play Stor से उनके मोबाइल पर Team Veiwer डाउनलोड करने के बाद 10 रूपये का रिचार्ज करने पर ATM कार्ड का विवरण प्राप्त कर रूपये अपने खातों में ट्रांसफर कर लेते हैं। आरोपी राजेन्द्र द्वारा दिनांक 31/01/2022 को बीएसएनएल कस्टमर केयर बनकर केवाईसी अपडेट के नाम पर छत्तीसगढ़ रायगढ़ जिले के पोषण लाल बघेल (एनटीपीएसी लारा पुसौर) को कॉल कर ऑनलाइन ठगी किया था जिसमें 4,18,000 रूपये प्राप्त करना स्वीकार किया है। आरोपी द्वारा इसके अलावा कोरबा, दुर्ग, भोपाल, रायपुर के लोगों से लाखों रूपये की ठगी करना बताया है, इस संबंध में संबंधित थानों को जानकारी दिया गया है। आरोपी राजेन्द्र मंडल के मेमोरेंडम पर नकदी रकम 20,800 रूपये, दो मोबाइल की बरामदगी की गई है।

प्रेसवार्ता में एसपी अभिषेक मीणा बताये कि शिक्षित लोग भी इन ठगों के जाल फंस रहे हैं। उन्होंने कभी भी बैंक व निजी जानकारी मोबाइल पर अंजान लोगों को शेयर नहीं करने कहा गया और नेट बैंकिंग या बैंक से संबंधित समस्या पर सीधे बैंक जाकर अधिकारियों से मिले।

आरोपी को जामताड़ा से गिरफ्तार कर रायगढ़ लाने में थाना प्रभारी पुसौर उप निरीक्षक गिरधारी साव, सहायक उप निरीक्षक कमल राजपूत, क्षितेश्वर गुप्ता, आरक्षक विजय कुश्वाहा, नरोत्तम यादव, टीकाराम बरेठ की अहम भूमिका रही है।

## थाना बरमकेला में युवती ने दर्ज कराई छेड़खानी की रिपोर्ट, आरोपी गिरफ्तार



**रायगढ़।** दिनांक 16.03.2022 को #बरमकेला पुलिस द्वारा छेडखानी के आरोपी सिरफिरे युवक को गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है। पीडित युवती आज सुबह थाना आकर थाना प्रभारी एल.पी. पटेल को बताई कि जहां इसकी शादी तय हुई थी वहां जाकर आरोपी टिकेश्वर भोय अनाब - शनाब कहकर रिश्ता तोडवा दिया है जिससे पूरा परिवार मानसिक रूप से बहुत परेशान है। युवती बताई कि टिकेश्वर भोय आते-जाते पीछा कर छेड़खानी करता है और कहीं शादी करने पर नुकसान पहुंचाने की धमकी देता था। थाना प्रभारी द्वारा युवती के लिखित शिकायत पर त्वरित कार्रवाई करते हुये आरोपी टिकेश्वर भोय पिता गंगाधर उम्र 26 वर्ष निवासी ग्राम लोधिया को धारा 354-D,509 IPC में गिरफ्तार कर सारंगढ़ न्यायालय रिमांड पर भेजा गया है।

## 12-14 आयु वर्ग के किशोरों का कोविड वैक्सीनेशन शुरू... सभी पीएचसी और सीएचसी में बच्चों को लगेंगे टीके

**रायगढ़।** बुधवार को राष्ट्रीय टीकाकरण दिवस के अवसर पर जिले में 12-14 आयु वर्ग के किशोरों को कोविड वैक्सीन लगना शुरू हो गया। पहले दिन रामभांठा हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर में बच्चों का वैक्सीनेशन हुआ। अब स्वास्थ्य विभाग 50 से अधिक सेंटर इस आयु वर्ग के लिए गुरुवार से खोलेगा।

अनंत सोनी, जिया निषाद और सेजल सोनी तीनों 13 साल के और तीनों दोस्त बुधवार सुबह 9.30 बजे कोविड का टीका लगाने हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर रामभांठा पहुंचे। तीनों ने बारी-बारी से टीका लगवाया और आराम कर चले गए।

इन तीनों बच्चों से उत्साह से ही रायगढ़ जिले में टीकाकरण के प्रति लोगों की जागरूकता को समझा जा सकता है। जिया ने बताया कि 15 से 17 आयुवर्ग के बाद उन्हेंअपनी बारी का इंतजार था | "जैसे ही दो दिन पहले पता चला कि हमें भी टीका लगेगा तो हम तीनों ने अपने-अपने घर में बताया और टीका लगवाने आ गए। हम पास में ही रहते हैं तो पालकों ने रोका-टोका नहीं। टीका लगवाने में न तो डर लगा न लगवाने के बाद कुछ हुआ।"



जिला टीकारण अधिकारी डॉ. भानू पटेल ने बताया, "गुरुवार से जिले के सभी 53 पीएचसी और नौ सीएचसी में भी 12-14 आयुवर्ग के किशोरों का वैक्सीनेशन होगा। हमारे पास इस आयुवर्ग के लिए 60 हजार डोज उपलब्ध करा दी गई है जिसे सभी 10 ब्लॉकों में बांट दिया गया है। वैक्सीन की पर्याप्त उपलब्धता है। अभी स्कूल जाकर टीकाकरण करने का निर्देश नहीं मिला है। पालकों से अपील है कि वह अपने बच्चों को नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र ले जाकर कोविड का टीका जरूर लगवाएं।"

स्वास्थ्य विभाग से मिली जानकारी के अनुसार 15 मार्च तक जिले में 15-17 आयु वर्ग के 88.78 प्रतिशत बच्चों को कोविड टीके का पहला डोज और 55.21 प्रतिशत बच्चों को दूसरा डोज लग चुका है। कुल 93,351 बच्चों में से 82,905 बच्चों ने पहला 51,705 बच्चों ने दूसरा डोज लिया है। जिसमें सर्वाधिक खरसिया ब्लॉक है जहां 103 प्रतिशत बच्चों ने पहला और 56 प्रतिशत ने दूसरा डोज लिया है। सबसे कम घरघोड़ा ब्लॉक में 73.3 ने पहला और 43.9 प्रतिशत बच्चों ने दूसरा डोज टीका लगवाया है।

**ब्लॉकवार टीकाकरण की स्थिति**

15-17 आयु वर्ग में 15 मार्च तक तमनार में 6,128 टीनएजर्स में 5,682 (92.7 प्रतिशत) को पहला और 4,228 (69 प्रतिशत) को दूसरा, लोईंग में 10,328 में 10,323 (100 प्रतिशत) को पहला और 5,393 (52.2 प्रतिशत) को दूसरा, बरमकेला में 9,064 में 8,715 (96 प्रतिशत) को पहला और 7,108 (78 प्रतिशत) को दूसरा, पुसौर में 8,481 में से 7,710 (90.9 प्रतिशत) को पहला और 6200 (73.1 प्रतिशत) को दूसरा, रायगढ़ शहरी क्षेत्र में 9,991 में 9,648 (96.6 प्रतिशत) को पहला व 6,505 (65.1 प्रतिशत) को दूसरा, सारंगढ़ में 14,487 टीनएजर्स में से 11,896 (82.1 प्रतिशत) को पहला और 5,465 (37 प्रतिशत) को दूसरा, धरमजयगढ़ के 12,762 में से 9,935 (77.9 प्रतिशत) को पहला और 5,303 (41.6 प्रतिशत) को दूसरा, लैलूंगा के 8,045 में से 5,922 (73.6 प्रतिशत) और 4024 (50 प्रतिशत) को दूसरा टीका लग गया है।

**49,000 से अधिक को लगा प्रीकॉशनरी डोज**

स्वास्थ्य विभाग से मिली जानकारी के अनुसार 15 मार्च तक प्रीकॉशनरी डोज जिले में कुल 49,173 लोगों को लगाया गया है जिसमें 9,926 हेल्थ वर्कर्स 9,315 फ्रंट लाइन वर्कर्स और 29,932 लोग 60 साल की आयु से अधिक के हैं। रायगढ़ शहर के 1,551 हेल्थ वर्कर्स 1,828 फ्रंटलाइन वर्कर्स और 2,593 लोग 60 साल से अधिक के हैं इस तरह 5,972 लोगों को पप्रीकॉशनरी डोज रायगढ़ शहर में लगा है।


स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480